## एक नजर में

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आज निकलेगी

**पडाना 12 जुलाई , सं.** आस्था और परंपरा का प्रतीक जगन्नाथ रथ यात्रा आज बड़े उत्साह के साथ निकाली जाएगी. अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के तत्वावधान में हर वर्ष आयोजित होने वाली इस यात्रा में इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है. समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि विशेष रूप से सजाए गए रथ पर विराजमान कर यात्रा निकाली जाएगी. रथ यात्रा आज दोपहर 3 बजे उज्जैन वाली माता मंदिर, साधनखेड़ी रोड से प्रारंभ होते हुए एटीएम चौराहा नानागोया, सदर बाजार, गांधी चौक बस स्टैंड और पीपल चौराहा होते हुए नरसिंह मंदिर झिरी पहुंचेगी. जहां महाआरती के पश्चात भगवान जगन्नाथ को केसरिया भात का भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा .8 गांवों से आएंगे श्रद्धालु यात्रा में ग्राम पड़ना के अलावा चितावद, गुलवाता, तुकूगंज, शेरपुर, मऊ, मगराना, खेड़ा और असरेता गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे. भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाएगा .आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें.

### पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का संदेश

**राजगढ़ 12 जुलाई, का.** हरियाली महोत्सव के अंतर्गत ब्यावरा विकासखंड की ग्राम पंचायत चारपुरा में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने लवकुश मंदिर प्रांगण तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के साथ पौधारोपण किया. इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व, प्राकृतिक संतुलन तथा जैविक खेती को लेकर उपस्थित नागरिकों से विस्तारपूर्वक संवाद किया .राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में चलाया जा रहा एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है. उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करे.

### जिले के पहले चतुर्कैलाशी बने सिंघी

**जीरापुर 12 जुलाई, सं.** मणिमहेश कैलाश 18,547 फीट, श्रीखंड कैलाश 18,570 फीट, किन्नौर कैलाश 19,850 फीट, आदिकैलाश 19,505 फीट और कैलाश मानसरोवर की यात्रा समीपवर्ती ग्राम रामगढ़ निवासी प्रमोद सिंघी ने पुरी की है. इन्हीं पंचकैलाशों में से चार की दुर्गम यात्रा पूरी कर जिले के पहले चर्तुकैलाशी बनने का गौरव प्राप्त किया है. श्रीखंड कैलाश यात्रा विश्व की सबसे दुर्गम और कठिन यात्राओं में मानी जाती है. जहां पल-पल मौसम बदलता है और रातें अत्यंत कठिन होती हैं. जानकारी के मुताबिक प्रमोद ने 2022 में प्रथम कैलाश श्री मणिमहेश यात्रा से शुरुआत की थी. 2023 में उन्होंने विश्व की सर्वाधिक दुर्गम मानी जाने वाली श्रीखंड कैलाश यात्रा की. 2024 में आदि कैलाश ओर अब चौथी कैलाश यात्रा पूरी कर प्रथम यात्री बनने का गौरव हासिल किया है.

# अस्तित्व खो रहीं नदी की धरोहरें, सहेजने की जरूरत

## गणेश और दुर्गा उत्सव में विसर्जन कुण्ड बन सकता है राजगढ़ रोड का पुराना स्टॉप डेम

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 12 जुलाई, का. 90 के दशक में कभी शहर की पेयजल प्रदाय व्यवस्था का स्त्रोत रहे कॉलेज के पीछे स्थित अजनार नदी के स्टॉप डेम इस वर्ष बहुत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है.**

लगभग अपना अस्तित्व खोते जा रहे इस स्टॉप डेम से कभी शहर में पेयजल सप्लाई होता था. इसके बाद शहर के बढ़ते विस्तार और आवश्यकताओं के अनुसार अन्य स्थानों पर पेयजल सप्लाई के स्त्रोत तैयार हुए. लेकिन इन सब के बीच इस पुरानी धरोहर की ओर ध्यान नहीं दिया गया और आज यह

लगभग लुप्तप्राय हो रही है. इसका उपयोग और प्रासंगिकता अभी भी है यदि समय रहते इसे सुधार लिया जाए. राजगढ़ की तर्ज पर तैयार हो सकता है विसर्जन स्थल शहर में गणेश उत्सव और शारदीय नवरात्रि उत्सव के दौरान प्रतिमाओं का बड़ी संख्या में विसर्जन किया जाता है. अधिकांश इंदौर नाका और अस्पताल रोड़ पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है और ये प्रतिमाएं बाद में बुरी स्थिति में तैरती नजर आती है. ऐसे में यदि इस स्टॉप डेम को सुधारकर यहा विसर्जन स्थल तैयार किया जाए तो शहर की धार्मिक गतिविधियों को राजगढ़ में नेवज के छोटे पुल की तर्ज पर स्थान मिलेगा. इससे शहर के भीतर के नदी घाटों पर होने वाले प्रदूषण भी काफी हद तक कम हो सकेगा. हालांकि यहां गणेश उत्सव के दौरान शहर के लोग काफी संख्या में छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए पहुंचते है.

# करोड़ों खर्च : मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहवासी

## प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के रहवासियों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं, थमाए संपत्ति कर के नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 12 जुलाई, का. शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बेहतर आवास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा से करोड़ों रुपये खर्च कर निर्मित प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में आज भी रहवासी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं.**

संकट मोचन मंदिर के समीप कॉलोनी में रहने वाले लोगों का आरोप है कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें सड़क, स्ट्रीट लाइट, नियमित सफाई और पर्याप्त पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं.

### कॉलोनी की सड़कें चलने लायक नहीं

रहवासियों के अनुसार कॉलोनी की सड़के चलने लायक भी नही है. स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है. जिससे दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों का भय बना रहता है. वहीं नगर पालिका की ओर से नियमित सफाई कर्मचारी भी नहीं भेजे जाते, जिसके कारण जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है.

पेयजल की व्यवस्था भी पूरी तरह नगर पालिका की नल सप्लाई पर निर्भर है. जिस दिन पानी की सप्लाई नहीं होती. उस दिन लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. कॉलोनी में सार्वजनिक पेयजल स्रोत भी उपलब्ध नहीं है. रहवासियों ने सड़क, स्ट्रीट लाइट और स्थायी सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था की मांग की है.

लोगों का कहना है कि शासन ने करोड़ों रुपये खर्च कर आवास तो बना दिए, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में योजना का उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है.

### क्या गारंटी अवधि में हैं भवन?

करोड़ों रुपये की लागत से बने इन प्रधानमंत्री आवासों को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या भवन अभी भी निर्माण एजेंसी की गारंटी अवधि में हैं. यदि गारंटी अवधि समाप्त नहीं हुई है. तो ड्रेनेज सिस्टम की खामियां, छतों से पानी टपकने और अन्य निर्माण संबंधी दोषों को समय रहते ठीक क्यों नहीं कराया गया. यदि गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है. तो संबंधित विभाग ने गुणवत्ता की निगरानी और आवश्यक सुधार कार्य क्यों नहीं कराए.

### पांच साल में ही उजागर होने लगीं खामियां

रहवासियों का कहना है कि इन प्रधानमंत्री आवासों में रहते हुए करीब पांच वर्ष ही हुए हैं. लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं. कॉलोनी का ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं होने से बारिश और घरेलू पानी की निकासी बाधित रहती है. जिससे जगह-जगह जलभराव और गंदगी बनी रहती है. कई मकानों की छतों से पानी टपकने और दीवारों में सीलन आने, सहित सेप्टिक टैंक चौक होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं.



रहवासी दिलीप विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह, कुलदीप सिसोदिया, जगदीश सेन, सुनीता जोशी, बबिता तंवर, हिना खान, कौसर, सोनाली सेन, कांता बाई, शालू सोनी, सुल्तान सहित अन्य लोगों का कहना है कि हाल ही में नगर पालिका ने उन्हें संपत्ति कर जमा करने के नोटिस जारी किए हैं. उनका कहना है कि जब नगर पालिका सड़क, स्ट्रीट लाइट, नियमित सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं करा पा रही है. तब कर वसूली करना उचित नहीं है. रहवासियों ने पहले आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उसके बाद ही कर वसूली की बात कही है.

पेयजल के लिये नवीन टंकी निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है. सड़क सहित अन्य समस्याओं के लिए भी बजट की मांग की जाएगी.

**पवन अवस्थी, सीएमओ नगर पालिका, राजगढ़**

# हादसे के एक महीने बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 12 जुलाई, का. बीते माह बस स्टेण्ड पर अल सुबह एक तेज गति से आने वाले भारी वाहन की चपेट में आने से अरन्या निवासी युवक की मौत हो गई थी. बावजूद इसके अब तक हादसे से सीख ना लेते हुए समस्या को जस का तस छोड़ दिया गया है. हादसे के बाद कुछ जनप्रतिनिधियों ने सड़क पर बैठकर धरना भी दिया लेकिन मामले में कोई सुधार नहीं हुआ है.**

अब भी बस स्टेण्ड पर मण्डी की ओर से आने वाले भारी वाहन बकायदा बस स्टेण्ड के सामने से होकर गुना की ओर जा रहे है. सुठालिया रोड़ के बस स्टेण्ड वाले जोड़ पर ये भारी वाहन मोड़ पर अक्सर जाम लगा रहे है. वहीं जाम से बचकर जल्दी निकलने के चक्कर में कई वाहन चालक कट मारकर, गलत साईड से निकलने का प्रयास भी करते हैं और अक्सर इन्हीं के चलते दुर्घटनाएं सामने आती है. शहर में इन भारी वाहनों के कारण भविष्य में फिर से गंभीर हादसे होने का खतरा है.

उल्लेखनीय है कि बीते माह 14 जून को बस स्टेण्ड पर सुबह के समय हादसे में अरन्या निवासी युवक की मौत हो गई थी. अंध गति से आने वाले भारी वाहन के पहियों की चपेट में आने से उसका आधा शरीर क्षत विक्षत हो गया था. शहर को हादसों के भरोसे छोड़ रहे ब्यावरा शहर में खराब यातायात व्यवस्था के कारण कई बड़े और गंभीर हादसे होते रहे है. व्यवस्थाओं में आमूल चल परिवर्तन भी किया गया लेकिन बावजूद इसके व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी.

अब इन दिनों बस स्टेण्ड पर भारी वाहन पूरे दिन जाम लगाते हैं, इनके चक्कर में छोटे वाहन चालक भी परेशान हो रहे है. भारी वाहन जो मण्डी के रास्ते शहर में बस स्टेण्ड चौराहे पर प्रवेश करते हैं वे लगातार खतरा बन रहे है.

### उत्पादन बढ़ाने तृतीय चरण आज से

**सारंगपुर 12 जुलाई, सं.** दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का प्रथम एवं द्वितीय चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है. अब इस अभियान का तृतीय चरण आज से प्रारंभ होगा. इस अभियान के अंतर्गत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी 2 से 4 पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क करेंगे. उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार, टीकाकरण तथा पशुओं में टैगिंग के महत्व को बतायेंगे. जिससे पशुपालन आय में वृद्धि हो सके. सफल संचालन के लिए विकासखंड राजगढ़ एवं सारंगपुर का संयुक्त प्रशिक्षण जिला पशु चिकित्सालय (पॉलीक्लिनिक) में आयोजित किया गया.

# मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का मंगल प्रवेश कल

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 12 जुलाई ,सं. आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य, परम पूज्य मुनिपुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का मंगलवारको सारंगपुर नगर में प्रथम बार मंगल प्रवेश होने जा रहा है.**

इस पावन एवं ऐतिहासिक अवसर को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज सहित समूचे नगर में हर्ष और उत्साह का माहौल है. मंगल अगवानी के लिए व्यापक तैयारियां की गई है. नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार, धार्मिक ध्वज, बैनर एवं स्वागत की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं.

दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष



मनोज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 8.30 बजे श्री महावीर कीर्ति स्तंभ एबी रोड गुरुदेव की भव्य मंगल अगवानी की जाएगी. इसके पश्चात विशाल मंगल चल समारोह प्रारंभ होगा, जो श्री महावीर कीर्ति स्तंभ से नया बस स्टैंड, भेरू दरवाजा, टेंशन चौराहा होते हुए श्री महावीर दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुँचेगा. उन्होंने बताया कि मंगल चल समारोह में बैंड, ढोल-घोष, धर्म, ध्वजाएं रहेगी. बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में इस धार्मिक यात्रा में शामिल होंगे. समाज के विभिन्न संगठनों एवं स्वयंसेवकों को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है. ताकि कार्यक्रम अनुशासित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हो सके.

मंदिर परिसर पहुँचने के पश्चात पूज्य गुरुदेव अपने मंगल प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, अहिंसा, संयम, तप एवं आत्मकल्याण का संदेश प्रदान करेंगे. प्रवचन के उपरांत विधिपूर्वक आहारचर्या संपन्न होगी.




### कर्मश्री परिवार ने छात्रावास में लगाया वॉटर कूलर

**ब्यावरा 12 जुलाई, का .**कर्मश्री परिवार व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा एक वाटर कूलर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में लगवाया गया. जिसका शुभारंभ छात्रावास की बालिकाओं द्वारा ही किया गया. 100 सीटर छात्रावास में बच्चों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा था. उसको देखते हुए शुद्ध एवं ठंडा पानी मिले इसको ध्यान में रखते हुए यह वाटर कूलर नगर की एक सामाजिक संस्था कर्मचारियों द्वारा लगाया गया है.

उल्लेखनीय है कि कर्मश्री परिवार कोई संस्था नहीं केवल वाट्सअप पर जुड़े लोगों का समूह है. जो परमार्थिक और जनसरोकारों से जुड़े सेवा कार्य करती है. इस समूह में कोई पदेन नहीं है. सिर्फ सदस्य है. बीते दिनों इस कर्मश्री परिवार ने कई सामाजिक कार्यों के लिए अपनी ओर से उपकरा दान किए है.

**उद्घाटन** अधिकारियों का विदाई एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित किया

# पुराने कलेक्टर परिसर में अजाक्स के कार्यालय का उद्घाटन

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़, 12 जुलाई, का. पुराने कलेक्टर कार्यालय परिसर में अजाक्स कार्यालय का भव्य उद्घाटन एवं अधिकारियों का विदाई एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया. जिसमें जिले भर से हजारों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित हुए.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएन कांसोटिया (सेवानिवृत्त आईएएस) पूर्व अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, म.प्र. शासन उपस्थित रहे. अध्यक्षता संतोष वर्मा (वरिष्ठ आईएएस) ने की. विशिष्ट अतिथि इंजी. एसएल सूर्यवंशी, श्यामबाबू खरे, महिला सशक्तिकरण अधिकारी एवं जिला संरक्षक, अजाक्स राजगढ़, बसंत सूर्यवंशी, ज्ञान दीप भूवंकर, बनीप्रसाद दोतानिया सहित जिले के वरिष्ठ

अधिकारीगण मंचासीन रहे. मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर पुराने कलेक्टर परिसर में अजाक्स के कार्यालय का उद्घाटन किया गया. कांसोटिया के सेवा-निवृत्ति के अवसर पर अजाक्स, राजगढ़ द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई.

### ये लोग रहे मौजूद

इस मौके पर जिलाध्यक्ष जगदीश वर्मा, नरेन्द्र जाधव, दिनेश जोनवाल, गोकुल प्रसाद सिंहवाल, रोडीलाल वर्मा, गंगाधर मेघवाल, गोकुल प्रसाद जाटव, राजेन्द्र तोंगिरिया, प्रहलाद सिंह बरेला, सिद्धुलाल वर्मा, जुगराज वर्मा, सुरेश वर्मा, अमृतलाल दुगारिया, हजारीलाल पटवारी, मनोहर मालवीय, चतरलाल जाटव सहित समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे.

महिला सशक्तिकरण अधिकारी एवं जिला संरक्षक श्यामबाबू खरे के स्थानांतरण पर उन्हें भी शाल एवं अभिनन्दन पत्र से सम्मानित कर विदाई दी गई.

मुख्य अतिथि जे.एन. कांसोटिया, संतोष वर्मा ने कहा कि अजाक्स का उद्देश्य केवल कर्मचारियों के हित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संविधान के अधिकार पहुंचाना है.

### डंपर से टकराई बाइक, एक की मौत

**पचोर 12 जुलाई, सं.** शहर में तलेन रोड़ स्थित राधा स्वामी सत्संग के पास बायपास जोड़ के समीप सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम तलेन रोड पर खड़े एक डम्पर से बाईक टकराई. दुर्घटना में बाईक सवार सूरज पिता गोविद सिंह माली उम्र 40 वर्ष निवासी भरेड़ की मौत हो गई. घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी.